तुम्हारी बात

प्रश्न 1 तुम पर कौन-कौन धौंस जमाता है? क्यों?

(1) घर में

(2) स्कूल में

उत्तर 1**(1) घर में**– कभी-कभी भाई-बहन मुझ पर धौंस जमाते हैं। जब उन्हें अपना काम करवाना होता है।

(2) स्कूल में– कुछ बड़े बच्चे धौंस जमाते हैं। जब हम स्कूल में शरारत करते हैं या उनको अपना काम करवाना हो।

प्रश्न 2 मन करता है चिड़िया बनकर

चीं-चीं चूँ-चूँ शोर मचाऊँ

तुम्हारा मन कब-कब चिड़िया बन जाने को करता है?

उत्तर 2 जब मैं चिड़ियों को उड़ते हुए देखता/देखती हूँ तब मेरा मन चिड़िया बनने को करता है।

Scanned by TapScanner

प्रश्न 3 कौन किस पर अकड़ जमाता होगा?

उत्तर 3

आसमान में– बादल आसमान पर अकड़ जमाता होगा।

जंगल में-हाथी छोटे जानवरों पर अकड़ जमाता होगा।

नदी में– बड़ी मछली छोटी मछली परअकड़ जमाता होगा।

खेल में-कप्तान अन्य खिलाडियों पर अकड़ जमाता होगा।

स्कूल में-बड़े बच्चे छोटे बच्चों पर अकड़ जमाता होगा।

घर में– बड़े सदस्य छोटे सदस्यों परअकड़ जमाता होगा।

Scanned by TapScanner

सोचो और बताओ

प्रश्न 1 सूरज आसमान में दौड़ क्यों लगाता होगा?

उत्तर 1 सूरज पूरी दुनिया को प्रकाश/गर्मी देने के लिए दौड़ लगाता होगा।

प्रश्न 2 चिड़ियाँ शोर क्यों मचाती होंगी?

उत्तर 2 चिड़ियाँ ख़ुशी और डर में शोर मचाती होंगी।

प्रश्न 3 चंदा तारों पर क्यों अकड़ता होगा?

उत्तर 3 चंदा बच्चों के मामा हैं। इसलिए तारों पर अकड़ते होंगे ।

प्रश्न 4. दादा घर में कैसे धौंस जमाते होंगे?

उत्तर 4 दादा हर काम में रोक-टोक कर के धौंस जमाते होंगे।

Scanned by TapScanner